दिनांक 09.10.2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा है निराकरण

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का शुभारंभ गांधी जयंती के अवसर पर जोन के पांच स्थानों में 2 अक्टूबर से किया गया है। भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के पांच स्थान वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन तथा वार्ड 41 इंडेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी , सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी , राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। निगम से संचालित आवश्यक सेवाएं सड़क व नाली संधारण , नवीन नल कनेक्शन, पाइप लाइन का लीकेज संधारण , गंदे पानी से संबंधित निराकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, निजी कार्य हेतु पानी टैंकर की बुकिंग , संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्जेस , विविध कर शुल्क , सामुदायिक भवन आरक्षण , लाइसेंस व्यापार , अनुज्ञप्ति शुल्क एवं नवीनीकरण, नालियों की सफाई, कचरे के ढेर को हटाना, सी एण्ड डी वेस्ट को हटाना, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु वैक्यूम बुकिंग , मृत पशुओं का निपटान, आवारा पशुओं को हटाया जाना आदि से संबंधित आवेदन मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय मे जमा किए जा सकते हैं।

जल..है.तो.कल.है

जल ही जीवन है!

जनसम्पर्क अधिकारी